बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-244
13/05/2025

# मुख्यमंत्री ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज के सारण जिला स्थित उनके पैतृक गांव जाकर दी श्रद्धांजलि, शहीद के परिजन को 50 लाख रूपये सम्मान राशि का सौंपा चेक

पटना, 13 मई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सारण जिला के गरखा प्रखंड के नारायणपुर गांव पहुंचकर बी0एस0एफ0 के सब इंस्पेक्टर शहीद मोहम्मद इम्तियाज के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र मोहम्मद इमरान रजा, मोहम्मद इमदाद रजा एवं अन्य परिजनों से बात कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की तरफ से शहीद मोहम्मद इम्तियाज के परिजनों को 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा। साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार की तरफ से शहीद मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दी जायेगी। शहीद मोहम्मद इम्तियाज के नाम पर चिंतामनगंज पुल से रहमपुर बाजार तक दो किलोमीटर तक ग्रामीण पथ का नामकरण किया जायेगा। जलाल–बसंत पंचायत में गाँव के प्रवेश स्थल पर शहीद द्वार का निर्माण कराया जायेगा। नारायणपुर गाँव में एक नये स्वास्थ्य उप केन्द्र का निर्माण किया जायेगा। शहीद मोहम्मद इम्तियाज के नाम पर एक स्मारक का भी निर्माण किया जायेगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, विज्ञान, प्रौवैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सारण प्रमण्डल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री नीलेश कुमार, सारण जिला के जिलाधिकारी श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कुमार आशीष सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, शहीद मोहम्मद इम्तियाज के भाई मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद असलम तथा पुत्र मोहम्मद इमरान रजा, मोहम्मद इमदाद रजा सहित उनके परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

******